LOK SABHA

Wednesday, May 14, 1969/Vaisakha 24, 1891 (Saka)

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock.

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

MEMBER SWORN

1. SHRI S. K. PATIL—(Banaskantha—Gujarat)

ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

हांगकांग के मार्ग से चीन को भारतीय अभ्रक का पुर्ननिर्यात

+

*1682. **श्री बृज भूषण लाल :**
श्री रणजीत सिंह :
श्री रामगोपाल शालवाले :
श्री अटल बिहारी वाजपेयी :
श्री काशी नाथ पाण्डेय :

क्या वैदेशिक-व्यापार तथा पूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बहुत बड़ी मात्रा में भारतीय अभ्रक हांगकांग के मार्ग से चीन पहुंचता है ;

(ख) यदि हां, तो कितनी मात्रा में वह बहां पहुंचता है ; और

(ग) इसे रोकने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

वैदेशिक-व्यापार तथा पूर्ति मंत्रालय में उप-मंत्री श्री (चौधरी राम सेवक) : (क) से (ग). हांगकांग, भारत तथा अन्य देशों से अभ्रक का आयात करता है । इन आयातों के एक अंश का मूल रूप से तथा तैयार माल के रूप में अन्य देशों को पुनः निर्यात किया जाता है । सरकार के पास ऐसा कोई साधन नहीं है जिससे यह अनुमान लगाया जा सके कि भारतीय अभ्रक की कितनी मात्रा चीन में पहुँच जाती है । निर्यातक देशों के लिए यह सम्भव नहीं है कि वे हांगकांग जैसे आयात-निर्यात केन्द्र द्वारा आयातित माल के पुनः निर्यात को बिनियमित करने के लिये कह सकें ।

श्री बृज भूषण लाल : मंत्री महोदय ने कहा है कि हमारे पास कोई ऐसी जानकारी और इनफर्मेशन नहीं है जिससे हम अन्दाजा लगा सकें कि यह जो यहां से माइका एक्सपोर्ट हो रहा है अनआथोराइज्ड तरीके से, उसका कोई भी एस्टीमेट लगा सकें । मैं मंत्री महोदय की तवज्जह हिन्दुस्तान स्टैंडर्ड जो कि 22 दिसम्बर 1968 का है उसकी ओर दिलाना चाहता हूँ ।

> 12th Annual General Meeting of the Mica Export Promotion Council

हुई थी । यह 31 नवम्बर 1968 को हुई थी । उस में जो काऊंसिल के वाइस चैयरमैन श्री डी० राजगढ़िया हैं, उन्होंने

> "in his address strongly emphasised the need of stopping this unauthorised flow of Mica to Nepal."

यह उन्होंने उस मीटिंग में एमफेसाइज़ किया था । उन्होंने यह भी बताया था कि नेपाल हालांकि इस पोजीशन में नहीं था कि माइका का एक्सपोर्ट कर सके लेकिन नेपाल ने करीब दो टन माइका का 1968 के पहले तीन महीनों में एक्सपोर्ट किया । उसकी कैपेसेटी इतना एक्सपोर्ट करने की नहीं थी । मंत्री महोदय ने बताया है कि